स्वतंत्रता दिवस 15TH AUGUST की हार्दिक शुभकामनाएं


आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच

वर्ष : 26 | अंक : 234 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बृहस्पतिवार, 15 अगस्त, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 16


# हमारा संकल्प 'नेशन फर्स्ट' : पीएम मोदी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले के प्राचीर पर तिरंगा झंडा फहराया। पीएम ने अपने भाषण में 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को दोहराया। उन्होंने कहा कि हम राजनीति का गुणा-भाग नहीं करते। हमारे लिए मुख्य संकल्प है नेशन फर्स्ट। इसी दिशा में देश आगे बढ़ रहा है। सुधारों का सिलसिला कायम रखते हुए आम जनजीवन की रोजमर्रा की जिंदगी को आसान करना है। उन्होंने कहा कि भारत 2036 में ओलिंपिक के आयोजन की तैयारी कर रहा है। पीएम मोदी ने भारत की प्रगति में बाधा पहुंचाने वाले तत्वों के प्रति भी देशवासियों को आगाह किया। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को भारत की तरक्की सुहा नहीं रही है। उन्होंने विदेश में बैठी भारत विरोधी शक्तियों को समझाने की कोशिश की कि भारत की समृद्धि में विश्व का हित है, ना कि नुकसान। पीएम मोदी ने लाल किले के प्राचीर से लगातार 11वीं बार झंडोत्तोलन किया तब लगभग 6,000 विशेष अतिथि वहां मौजूद थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हम संकल्प के साथ बढ़ तो रहे हैं, बहुत आगे बढ़ रहे हैं।

हमारी माताओं-बहनों, बेटियों के प्रति अत्याचार हो रहे हैं। उसके प्रति देश का आक्रोश है, जनसामान्य का आक्रोश है। इस आक्रोश को मैं महसूस कर रहा हूं। इसे देश को, समाज को, हमारी राज्य सरकारों को गंभीरता से लेना होगा। महिलाओं के विरुद्ध अपराधों की जल्द से जल्द जांच हो।

उन्होंने कहा कि ऐसी शिक्षा व्यवस्था विकसित करेंगे कि दूसरे देश के बच्चे भारत पढ़ने आएं। बिहार में नालंदा यूनिवर्सिटी का पुननिर्माण किया है। अब हमें नालंदा स्पिरीट को जगाना होगा, नालंदा स्पिरीट को जीना होगा। ज्ञान परंपरा को नई चेतना देना होगी। नई शिक्षा नीति इस दिशा में सहायक साबित होगी। मेडिकल की पढ़ाई के लिए हमारे बच्चे ऐसे-ऐसे देश में जाते हैं कि सुनकर हैरानी होती है। अगले पांच साल में मेडिकल लाइन में 75 हजार नई सीटें तैयार की जाएंगी।

# सीईओ ने कर्तव्य निष्ठा का संकल्प दिलाया

## एनईए ने कम्युनिटी किचन के लिए 14.78 लाख का चेक सौंपा



**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डा. लोकेश एम ने सेक्टर-6 स्थित इंदिरा गांधी कला केन्द्र परिसर में ध्वजारोहण किया। इस दौरान सीईओ ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कर्तव्यनिष्ठा तथा स्वच्छता की शपथ दिलाई।

इस मौके पर ईशान म्युजिक स्कूल के बच्चों ने देशभक्ति के गीत गाये ।नोएडा प्राधिकरण के सभी अधिकारियों ने सीईओ डा. लोकेश एम को मोमेंटो प्रदान किया। इस मौके पर सीईओ ने कहा कि सभी कर्मचारी नोएडा को स्वच्छ बनाने तथा अपनी डयूटी के प्रति ईमानदारी बरतने का संकल्प लें।

इस दौरान नोएडा एम्पलाइज एसोसिएशन (एनईए) के अध्यक्ष चौ. राजकुमार ने कम्युनिटी किचन के लिए सभी कर्मचारियों का एक दिन का वेतन जमाकर 14.78 लाख रूपए का चैक सीईओ को प्रदान किया।

कार्यक्रम में एसीईओ संजय खत्री, सतीश पाल, वंदना त्रिपाठी, मुख्य वित्त नियंत्रक स्वतंत्र कुमार गुप्ता, सीएलए रवि प्रसाद गुप्ता, महाप्रबंधक जल आरपी सिंह, महाप्रबंधक जनस्वास्थ्य एसपी सिंह, उप महाप्रबंधक सिविल विजय रावल, आर.के. शर्मा, गौरव बंसल, राजकुमार सिंह, विश्वास त्यागी, सतेन्द्र गिरि समेत सभी अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित थे।
















## रक्षाबंधन विशेष रेलगाड़ियाँ

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित रक्षाबंधन विशेष रेलगाड़ियाँ निम्न समय-सारणी के अनुसार चलाई जाएंगी:-

**04145/04146 प्रयागराज - दिल्ली जं. - प्रयागराज सुपरफास्ट एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** — 06 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04145 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04146 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 21:30 | प्रयागराज | 19:45 | --- |
| 08:55 | --- | दिल्ली जं. | --- | 09:30 |

**चलने के दिन: 04145 प्रयागराज** से 15, 17 एवं 19.08.2024 (वीर, शनि, सोम) को और **04146 दिल्ली जं.** से 16, 18 एवं 20.08.2024 (शुक्र, रवि, मंगल) को।
**स्थान:** 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** फतेहपुर, कानपुर सेन्ट्रल, इटावा, टूण्डला एवं अलीगढ़ स्टेशन।

**04219/04220 लखनऊ - दिल्ली जं. - लखनऊ त्यौहार विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04219 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04220 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 21:10 | लखनऊ | 05:30 | --- |
| 06:35 | --- | दिल्ली जं. | --- | 19:20 |

**चलने के दिन: 04219 लखनऊ** से 18.08.2024 (रविवार) को और **04220 दिल्ली जं.** से 19.08.2024 (सोमवार) को।
**स्थान:** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** बरेली, मुरादाबाद एवं गाजियाबाद स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
2563/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ




# गुर्जर महासभा ने निकाली तिरंगा पदयात्रा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के नेतृत्व में तिरंगा पदयात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा पदयात्रा में श्री रामराज पब्लिक स्कूल के छात्रों ने भाग लिया। स्कूली छात्रों द्वारा मां सरस्वती, दुर्गा मां, रानी लक्ष्मी बाई, सुभाष चंद्र बोस चंद्रशेखर आजाद, सरदार भगत सिंह, कोतवाल धन सिंह गुर्जर, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, अशफाक उल्ला खान की मनमोहक झांकियां निकाली गई।

तिरंगा पदयात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ यशवीर सिंह, रूपचंद मुनीम, सुभाष चौधरी, परविंदर अवाना, हरीश चौधरी, सुखबीर सिंह आर्य, अजय प्रधान, डॉ कपिल भाटी, सुरेश प्रधान आदि ने फीता काटकर तिरंगा पदयात्रा का शुभारंभ किया। श्री रामराज पब्लिक स्कूल के संस्थापक मनोज त्यागी ने पुष्प गुच्छ भेंट कर एवं पगड़ी बांधकरअतिथियों का स्वागत किया।

शिव मंदिर गुर्जर सम्राट मिहिर भोज चौक मेट्रो स्टेशन 81 से चली 3 किलोमीटर की तिरंगा पदयात्रा का ग्राम वासियों द्वारा जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। पदयात्रा के दौरान ढोल नगाड़ों, ऊंट, घोड़ों एवं डीजे के साथ छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति किनारे लगाकर लोगों में देश प्रेम का जज्बा भर दिया।

तिरंगा पदयात्रा के सफल आयोजन पर जिला अध्यक्ष अशोक भाटी ने यात्रा में पहुंचे डीसीपी सेंट्रल जोन शक्ति अवस्थी, एसीपी नोएडा प्रथम प्रवीण सिंह व अन्य पुलिस अधिकारियों को पुष्प गुच्छ, मोमेंटो एवं शॉल भेट कर उनका स्वागत किया। तिरंगा पदयात्रा के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

इस दौरान मनोज मावी, पंकज अवाना, हरेंद्र प्रधान, दिनेश नागर, गुलजारीलाल नंदा, विपिन प्रधान, श्रीपाल कसाना, संजय फौजी, नवल प्रधान, ललित मास्टर, धर्मेंद्र नंबरदार, प्रमोद भाटी, प्रवीण, बाबा सुखबीर, प्रधान चरण सिंह भाटी, रिकी प्रधान, जोगिंदर भड़ाना, मदन भाटी, सुभाष, योगेश भाटी, अमित भाटी, ओम भाटी, सोमेश भारद्वाज, गजेंद्र रेक्सवाल, छत्रपाल रेक्सवाल, रणवीर भाटी, कृष्ण भाटी, शोभाराम भाटी, बबलू पंजाबी, मुस्तकीम खान, सुधीर गुर्जर आदि लोग उपस्थित थे।

# शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**नोएडा (चेतना मंच)।** हिंद मजदूर सभा गौतमबुद्धनगर द्वारा एक दिया शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहीदों को नमन करते हुए दिया जलाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

हिंद मजदूर सभा के प्रदेश सचिव आरपी सिंह चौहान के नेतृत्व पदाधिकारी व कार्यकर्ता हरौला स्थित कार्यालय पर एकत्रित हुए। उपस्थित लोगों ने दिया जलाकर देश के लिए शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी।

प्रदेश सचिव श्री चौहान ने कहा कि देश की आजादी के लिए अनगिनत लोगों ने अपने प्राणों की कुर्बानी दी। देश वीर जवानों की इस शहादत का सदैव ऋणी रहेगा। उन्होंने उपस्थित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वह देश के प्रति अपने कर्तव्यों को ना भूले।

इस मौके पर हिंदू मजदूर सभा गौतमबुद्धनगर के महामंत्री रितेश कुमार झा, विमलेश कुमार, केपी सिंह, सुदेश भाटी, शत्रुघ्न, मतीउल्लाह खान अफरोज, अरुण पटेल, प्रवीण वर्मा, राजेश शर्मा, अमरजीत सहित बड़ी संख्या में श्रमिक मौजूद थे।






# सेक्टर-19 आरडब्ल्यूए ने निकाली तिरंगा यात्रा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** स्वतंत्रता दिवस से पूर्व सैक्टर-19 आरडब्ल्यूए के सदस्यों ने सेक्टर में 'तिरंगा-यात्रा' निकाली । इस यात्रा में सैक्टर की बड़ी संख्या में महिलाओं सहित अन्य निवासियों ने भाग लिया।

आरडब्ल्यूए द्वारा निकाली गई तिरंगा यात्रा में शामिल लोग 'भारत माता की जय', 'वन्देमातरम', 'जय हिंद' आदि नारे लगाकर चल रहे थे। तिरंगा यात्रा के दौरान सभी सेक्टरवासियों ने देश में शांति व सद्भाव स्थापित करने की शपथ भी ली। आरडब्ल्यू अध्यक्ष आर सी गुप्ता और महासचिव लक्ष्मी नारायण ने तिरंगा यात्रा का नेतृत्व किया।

आपको बता दें कि 78वें स्वतंत्रता दिवस समारोह से पूर्व देश भर में हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत लोग गर्मशोजी के साथ तिरंगा यात्रा निकाल रहे हैं।















# नोएडा के सेक्टर-136 में हरिशंकर वन की स्थापना

गौतमबुद्धनगर। गौतमबुद्धनगर वन विभाग की दादरी रेंज ने सेक्टर-136 ग्रीन बेल्ट नोएडा में हरिशंकरी वन की स्थापना की है।

मुख्य वन संरक्षक पश्चिमी जोन उत्तर प्रदेश मेरठ एन के जानू द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम', मित्र वन-2024 एवं हरिशंकरी वन की स्थापना की गई।

इस अवसर पर फाउंडर सीविंग मदन मोहन भारद्वाज, वाइल्ड लाइफ एसओएस वसीम अकरम, हार्टफूलनेस संस्थापक सी के शर्मा, स्कूली बच्चों एवं गणमान्य व्यक्तियों द्वारा हिस्सा लिया गया।

डीएफओ द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी अधिकारियों, कर्मचारियों व स्वयंसेवी संस्थाओं का आभार प्रकट किया गया।

डीएफओ ने इस अवसर पर कहाकि पर्यावरण की रक्षा के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना बेहद जरूरी है।











































सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
व रक्षाबंधन की
हार्दिक शुभकामनाएं
B.J.P.
B.J.P.
डॉ महेश शर्मा
सांसद, गौतमबुद्धनगर लोकसभा,
पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं त्रिपुरा राज्य प्रभारी
तेजपाल सिंह नागर
विधायक (दादरी विधानसभा)
भारतीय जनता पार्टी, गौतमबुद्धनगर


हर घर तिरंगा
आप सभी को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
आओ हम सब मिलकर
एक समर्थ, सबल, सक्षम, शिक्षित, स्वस्थ, समृद्ध,
एवम् स्वच्छ भारत का निर्माण करें,
डॉ. वी. एस. चौहान
Prakash Hospital NOIDA
Prakash Hospital GREATER NOIDA
Prakash Institute GREATER NOIDA
PRAKASH INSTITUTE OF AYURVEDIC MEDICAL SCIENCES AND RESEARCH YAMUNA EXPRESSWAY
ClairéDerma NOIDA
www.prakashhospitals.in


सभी प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
रक्षाबंधन
व जन्माष्टमी की
हार्दिक शुभकामनाएं
चंद्रलेखा
dare to dream
AN ISO 9001:2000 CERTIFIED COMPANY
एचपी सिंह परिहार
भारतीय जनता पार्टी


सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
व रक्षाबंधन की
हार्दिक शुभकामनाएं
मा. गजेन्द्र मावी
जिलाध्यक्ष, गौतमबुद्ध नगर
डॉ. दीपक कुशवाहा
मण्डल उपाध्यक्ष
भाजपा-बिसरख मण्डल एवं
जिला कार्यकारिणी सदस्य गौतमबुद्धनगर

# एमिटी विश्वविद्यालय को मिली एएए रेटिंग



**नोएडा (चेतना मंच)।** स्वंयम -एनपीटीइएल (नेशनल प्रोग्राम ऑन टेक्नोलॉजी एनहैंस्ड लर्निंग) ने जनवरी-जून 2024 तक एनपीटीइएल ऑनलाइन सर्टिफिकेशन कोर्स में अपने बेहतरीन प्रदर्शन के लिए एमिटी विश्वविद्यालस नोएडा को एक मूल्यवान स्थानीय चैप्टर के रूप में मान्यता दी। इस अवसर पर, प्रो. (डॉ.) के.एम. सोनी, एसपीओसी-एनपीटीइएल स्थानीय चैप्टर, एमिटी विश्वविद्यालय, नोएडा को उत्तर प्रदेश के आईआईटी कानपुर में आयोजित एसपीओसी सम्मान समारोह के दौरान एनपीटीइएल कार्यालय आईआईटी कानपुर द्वारा सम्मानित किया गया।

एमिटी विश्वविद्यालय को मिले पुरस्कारों में एनपीटीइएल ऑनलाइन सर्टिफिकेशन कोर्स, जनवरी-अप्रैल 2024 में प्रदर्शन के आधार पर शीर्ष 200 रेटेड स्थानीय चौप्टर में एएए रेटिंग, सर्वश्रेष्ठ रेटिंग पॉइंट इम्प्रूवमेंट और सर्वश्रेष्ठ प्रमाणित काउंट इम्प्रूवमेंट शामिल हैं। इसके अलावा, एमिटी विश्वविद्यालय नोएडा को लोकल चैप्टर स्टार अवार्ड भी प्रदान किया गया। कुल 17 अनुशासन-वार प्रदर्शन रेटिंग में से 5 एमिटी विश्वविद्यालय नोएडा द्वारा हासिल की गई, जिसमें आर्किटेक्चर और प्लानिंग, मानविकी और सामाजिक विज्ञान, कानून, प्रबंधन और एयरोस्पेस इंजीनियरिंग में नंबर 1 स्थान शामिल है।

एमिटी विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश की वाइस चांसलर डॉ. बलविंदर शुक्ला ने कहा कि हम इन प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित होने पर रोमांचित और सम्मानित महसूस कर रहे हैं। विभिन्न श्रेणियों में प्रदान किए गए पुरस्कार, असाधारण क?ी मेहनत करने के लिए एमिटी विश्वविद्यालय के समर्पण को दर्शाते हैं। यह उल्लेखनीय उपलब्धि उत्कृष्टता और नवाचार के लिए संगठन की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। ये प्रशंसा हमारे प्रतिभाशाली छात्रों और संकाय सदस्यों की क?ी मेहनत का प्रमाण है। प्रत्येक पुरस्कार एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और विश्वविद्यालय के विकास के लिए उत्कृष्टता प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।


**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com raghuvanshirampal365@gmail.com raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in

www.chetnamanch.com




























सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
व रक्षाबंधन की
हार्दिक शुभकामनाएं
मोहित बेनीवाल
प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा
डॉ. महेश शर्मा
सांसद गौतमबुद्धनगर एवं पूर्व केंन्द्रीय मंत्री, भारत सरकार
सतेन्द्र शिशोदिया
अध्यक्ष पश्चिमि उ.प्र. भाजपा
अमित चौधरी
अध्यक्ष जिला पंचायत, गौतमबुद्धनगर
निवेदक: भारतीय जनता पार्टी, गौतमबुद्धनगर

# देश के करोड़ों किसानों को सशक्त बना रहा है इफको

इफको फूलपुर पिछले 57 वर्षों से देश भर के करोड़ों किसानों के जीवन में बदलाव लाने के लिए कार्यरत है। उर्वरक के निर्माण और विपणन के साथ ही इफको कृषि क्षेत्र में नैनो यूरिया तरल उर्वरक जैसी नवीन तकनीकों के माध्यम से कृषि क्षेत्र में नई क्रांति लाई है। इफको किसानों की सेवा के लिए समर्पित है। इफको का लक्ष्य कृषि उत्पादकता को बढ़ाना तथा कृषक समुदाय के जीवन में सुधार करना है।


संजय कुदेसिया
कार्यकारी निदेशक, इफको फूलपुर

इफको, उर्वरक के निर्माण और विपणन में लगी एक बहु–राज्य सहकारी समिति है, जिसे वर्ष 1967 में केवल 57 भारतीय सहकारी समितियों द्वारा भारतीय किसानों की बेहतरी और देश के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू किया गया था। वर्तमान में, इफको देश भर में 35,000 से अधिक सहकारी समितियों के माध्यम से 5 करोड़ किसानों से सीधे जुड़ा हुआ है। पिछले 57 वर्षों से, इफको उत्कृष्ट तकनीकी ज्ञान के साथ–साथ एक ही छत के नीचे अच्छी गुणवत्ता वाले कृषि इनपुट प्रदान करके किसानों की जरूरतों को पूरा कर रहा है।

इफको देश भर में अपनी पांच अत्याधुनिक विनिर्माण सुविधाओं से सालाना लगभग 9.6 मिलियन मीट्रिक टन उर्वरक का उत्पादन करती है, जो भारत के फॉस्फेटिक उर्वरकों का लगभग 32 प्रतिशत और नाइट्रोजन उर्वरकों का 21 प्रतिशत योगदान देता है।

इफको ने अब ओमान, सेनेगल, जॉर्डन और दुबई में संयुक्त उद्यमों के साथ विश्व स्तर पर विस्तार किया है। उर्वरकों के अलावा. इफको अन्य व्यवसायों जैसे खाद्य प्रसंस्करण, ऑर्गेनिक्स, ई–बाज़ार, सामान्य बीमा, विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड), और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में शामिल है। नाइट्रोजनयुक्त, फॉस्फेटिक, जैवउर्वरक, पानी में घुलनशील और नैनो उर्वरकों सहित अन्य विशेष उर्वरकों की एक विस्तृत विविधता प्रदान करके, इफको ने लगातार खाद्य उत्पादकता बढ़ाने में मदद की है।

इफको नैनो उर्वरकों के रूप में भारतीय किसानों के दरवाजे पर लगातार नई नवीन तकनीकें लाकर कृषि और उर्वरक क्षेत्र पर सकारात्मक प्रभाव डाल रहा है। इफको प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'सहकार से समृद्धि, आत्मनिर्भर भारत और आत्मनिर्भर कृषि' के दृष्टिकोण के लिए समर्पित है और किसानों की आजीविका में सुधार के लक्ष्य के साथ सहकारी समितियों और किसानों की सेवा के लिए अथक प्रयास कर रहा है। इफको ने कृषि क्षेत्र में नैनो यूरिया तरल उर्वरक जैसी नवीन तकनीकों की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य पारंपरिक रासायनिक उर्वरक के उपयोग को कम करना और टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देना है। इसके अलावा, नवाचारों में नैनो यूरिया प्लस यानी 20 प्रतिशत नाइट्रोजन शामिल है जो नाइट्रोजन सामग्री और नैनो डीएपी को बढ़ाता है, जो इनपुट लागत को कम करने और खाद्य सुरक्षा में सुधार करते हुए पर्यावरण और स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को बेहतर बनाता है।

इफको एआई–आधारित कृषि ड्रोन प्रौद्योगिकी में भी अग्रणी है। इफको किसान ड्रोन किसानों को नैनो यूरिया और नैनो डीएपी स्प्रे करने में मदद करता है, जिससे 5000 ग्रामीण उद्यमी तैयार होते हैं।

इफको किसान ड्रोन ने आधुनिक कृषि में क्रांति ला दी है। ये प्रौद्योगिकियाँ भारत में खेती को बदलने की क्षमता के साथ किसानों को उत्पादकता बढ़ाने, लागत कम करने और स्थिरता को बढ़ावा देने में मदद करती हैं। नमो ड्रोन दीदी योजना के माध्यम से, इफको ग्रामीण महिलाओं को प्रशिक्षण और ड्रोन प्रदान करता है, उन्हें कृषि में सशक्त बनाता है। इफको फूलपुर पहले ही 104 प्रशिक्षित महिलाओं को ड्रोन और प्रमाण पत्र वितरित कर चुका है।

वर्ष 2023–24 में, फूलपुर इकाई ने 5.386 Gcal/MT यूरिया की अब तक की सबसे कम ऊर्जा खपत के साथ 19.05 लाख मीट्रिक टन यूरिया का उत्पादन किया है। अब तक, इफको फूलपुर इकाई ने 509.7 लाख मीट्रिक टन से अधिक यूरिया उर्वरक और 102.9 लाख 500 मिलीलीटर नैनो यूरिया तरल की बोतलें (4.63 लाख मीट्रिक टन यूरिया के बराबर) का उत्पादन किया है। इफको फूलपुर इकाई को उत्पादन, ऊर्जा संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और सुरक्षा के क्षेत्र में हर साल विभिन्न संस्थानों से प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।

वर्ष 2023–24 में इफको को फूलपुर–II और फूलपुर–I के लिए भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा क्रमश: 'उत्कृष्ट ऊर्जा कुशल इकाई' और 'ऊर्जा कुशल इकाई'। ग्रीनटेक फाउंडेशन द्वारा सुरक्षा उत्कृष्टता में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए '21वां ग्रीनटेक सुरक्षा पुरस्कार 2023' का 'विजेता'। ग्रीनटेक फाउंडेशन द्वारा '23वें वार्षिक ग्रीनटेक पर्यावरण पुरस्कार 2023 का विजेता'। ग्रो केयर इंडिया की ओर से ओएचएस प्रबंधन के लिए 'गोल्ड अवार्ड' प्रदान किया गया है।






## कार्यालय नगर पालिका परिषद, दादरी, जनपद-गौतमबुद्धनगर

पत्रांक– 1226/न0पा0परि0दा0/स्वा0वि0/2024–25 दिनांक: 14 अगस्त 2024

**-: ई-निविदा सूचना :-**

नगर पालिका परिषद, दादरी (गौतमबुद्धनगर) के द्वारा राज्य वित्त आयोग निधि / पालिका निधि के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से पालिका के अस्थायी डम्पिंग ग्राउण्ड पर एकत्रित कूड़े के ढेर को व्यवस्थित किये जाने हेतु एक पॉकलेन व दो हाईवा (ड्राईवर व डीजल सहित) प्रति घंटे की दर से किराये पर आपूर्ति लिये जाने हेतु फर्मों / ठेकेदार / आपूर्तिकताओं से ई–निविदा के माध्यम से दरें आमंत्रित की जाती है। इस हेतु ई–निविदा 16.08.2024 से दिनांक 05.09.2024 तक ऑनलाईन वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर प्रातः 10.00 बजे से अपरान्ह 04.00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है। ई–निविदा के सम्बन्ध में निविदादाता कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उक्त कार्य की ई–निविदा दिनांक 05.09.2024 को ही सायं 05.00 बजे से खोली जायेगी। कार्य से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर भी देखा जा सकता है।

किसी भी ई–निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकारी सक्षम अधिकारी में निहित होगा। निविदा शुल्क एवं जमानत धनराशि आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0 के माध्यम से नगर पालिका परिषद दादरी के खाता संख्या 50100065525653, एच0डी0एफ0सी0 बैंक, शाखा दादरी, IFSC Code-HDFC0000927 में करायी जायेगी, जिसकी कॉपी सम्बन्धित ठेकेदारों द्वारा टेण्डर अपलोड करते समय अपलोड की जायेगी। बिना धरोहर धनराशि के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। कार्य के नियम व शर्तें कार्यालय नगर पालिका परिषद दादरी में किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में देखा जा सकता है। कार्य का भुगतान बजट की उपलब्धता के आधार पर किया जायेगा।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (उमेश शर्मा) | (जयपाल सिंह) | (शालिनी गुप्ता) | (गीता शर्मा) |
| लिपिक, लेखा अनुभाग | अवर अभियन्ता, सिविल | अधिशासी अधिकारी | अध्यक्ष |
| नगर पालिका परिषद दादरी | नगर पालिका परिषद दादरी | नगर पालिका परिषद दादरी | नगर पालिका परिषद दादरी |
| गौतमबुद्धनगर | गौतमबुद्धनगर | गौतमबुद्धनगर | गौतमबुद्धनगर |





























सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
व रक्षाबंधन की
हार्दिक शुभकामनाएं
गजेन्द्र मावी
जिला अध्यक्ष
भारतीय जनता पार्टी, गौतमबुद्धनगर

# एमिटी विश्वविद्यालय में फिल्म ''ट्रेन टू पाकिस्तान'' की स्क्रीनिंग

**नोएडा (चेतना मंच)।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशानिर्देश पर विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर एमिटी विश्वविद्यालय में एमिटी स्कूल ऑफ कम्यूनिकेशन के द्वारा छात्रों हेतु ''ट्रेन टू पाकिस्तान'' नामक फिल्म की स्क्रीनिंग का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उददेश्य छात्रों को विभाजन के दौरान भारतीयों के कष्टों और उनके द्वारा दिये गये बलिदानों की जानकारी प्रदान करना है।

एमिटी विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ हॉस्पटैलिटी एंड टूरिस्म के डीन डा मनोहर सजनानी ने कहा कि सन-1947 में हुआ देश का विभाजन, मानव इतिहास का सबसे बड़ा मानव विस्थापन था जिसमें लोगों को अपने घरों को छोड़कर अन्य जगह बसना पड़ा। इस विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का विशेष महत्व है इससे आने वाली पीढ़ियों को अपने इतिहास की जानकारी होगी, यह दिन शांति व मानवता का संदेश देता है, इस दिन हम विभाजन के दौरान प्रभावित हुए पीड़ितों को श्रद्वांजली देते है और भविष्य में इस तरह की घटना ना हो इसके लिए सबक भी लेते है। डा संजनानी ने छात्रो से कहा कि हिंसा किसी भी समस्या का हल नही है इसलिए सदैव मानवता एंव विश्व बंधुत्व को अपनायें।

इस अवसर पर एमिटी विश्वविद्यालय के स्टूडेंट वेलफेयर के डीन डा एच पी सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।





# भाजपा ने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर की संगोष्ठी

**नोएडा/ ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** भारतीय जनता पार्टी गौतमबुद्धनगर एवं नोएडा महानगर भाजपा ने बुधवार को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर संगोष्ठी आयोजित की। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महामंत्री हरीश ठाकुर रहे। विशिष्ट अतिथि भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल, दादरी विधायक मास्टर तेजपाल नागर रहे।

विभाजन विभीषिका पर एक प्रदर्शनी एवं लघु टेली फ़िल्म के द्वारा देश की विभाजन विभीषिका को देखा कार्यक्रम के बाद विभाजन विभीषिका पर मौन जलूस निकाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने संगोष्ठी कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष सेवानन्द शर्मा ने किया। मुख्यातिथि क्षेत्रीय महामंत्री हरीश ठाकुर ने बताया यह आज़ादी हमे  सात लाख से भी अधिक क्रांतिकारियों की कुर्बानी के बाद मिली है इस आज़ादी में देश का विभाजन मुस्लिम लीग पार्टी के द्वारा मुस्लिमों के लिये पाकिस्तान की माँग जिन्ना ने की 14 अगस्त 1947 के बटवारे में 10 लाख से भी अधिक लोगो ने अपने प्राण गवाए और लाखों लाखों लोग अपने घर



से बेघर हुए ।

राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपालकृष्ण अग्रवाल ने बताया 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप मनाने का देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने निर्णय इसलिए लिया ताकि हमारे देश के लोगों को देश के विभाजन बटवारे के इतिहास की जानकारी मिल सके। दादरी विधायक मास्टर तेजपाल नागर ने कहा कि विभाजन के दौरान लोगों के दु:ख की कल्पना भी नहीं की जा सकती जैसे आज बांग्लादेश में एक संप्रदाय के द्वारा वहाँ के अल्पसंख्यकों हिन्दुओं के साथ किया जा रहा है ऐसा ही दृश्य विभाजन के अवसर पर हमारे देश के लोगों के ऊपर हुआ और उन्होंने कहा अब ऐसा कभी नहीं हों उसके लिये राष्ट्रवादी विचार वादी भाजपा से जुड़ने का भी आह्वाहन किया।

जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने कहा विभाजन की त्रासदी में लोगों को क्या क्या न झेलना पड़ा उसकी पीड़ा आज भी उस विभाजन के साक्षी लोग बताते है।

इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला महामंत्री योगेश चौधरी मनोज गर्ग धर्मेन्द्र कोरी राजेश कोटियाल जिला उपाध्यक्ष सेवानन्द शर्मा पवन नागर सतेंद्र नागर मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य जिला मंत्री सत्यापाल शर्मा गुरुदेव भाटी आईटी जिला संयोजक चंद्रमणि भारद्वाज मनीष भाटी विजय रावल महेश शर्मा मनोज भाटी राजीव सिंघल राज नागर हरिदत्त शर्मा मुकेश चौहान आदि सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ सैकड़ों आम जनमानस संगोष्ठी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# हरित ऊर्जा से पूरी होगी नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की बिजली जरूरत

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की बिजली जरूरत को पूरा करने के लिए विकासकर्ता कंपनी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रा. लिमिटेड ने टाटा पावर के साथ अनुबंध किया है। एयरपोर्ट परिसर में हरित ऊर्जा के लिए दस मेगावाट क्षमता का सोलर पावर प्लांट लगाया जाएगा।

इसके साथ ही ग्रिड की बिजली का भी उपभोग होगा। एयरपोर्ट तक बिजली आपूर्ति के लिए सेक्टर 18 से सेक्टर 32 तक दो फीडर तैयार किए गए हैं। एक फीडर से बिजली की आपूर्ति होगी। पहले फीडर से बिजली आपूर्ति बाधित होने पर दूसरा फीडर से आपूर्ति होगी।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से दिसंबर में यात्री सेवाओं की शुरुआत होगी। एयरपोर्ट का निर्माण कार्य अंतिम चरण में चल रहा है। एयरपोर्ट की बिजली जरूरत को पूरा करने के लिए विकासकर्ता कंपनी ने टाटा पावर के साथ अनुबंध किया है।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लि. के सीईओ डा. अरुणवीर सिंह ने बताया कि एयरपोर्ट परिसर में बिजली आपूर्ति संबंधित व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी टाटा पावर के पास होगी। परिसर में 33 केवी क्षमता के दो सब स्टेशन बनाए गए हैं। एयरपोर्ट पर बिजली की खपत बढ़ाने पर सब स्टेशन की क्षमता बढ़ाकर 220 केवी की जाएगी। एयरपोर्ट के पहले फेज में 19 एमवीए, फेज दो में 28एमवीए, फेज तीन में 50 एमवीए व फेज चार में 107 एमवीए बिजली की जरूरत होगी।एयरपोर्ट को बिजली आपूर्ति के लिए सेक्टर 18 स्थित 220 केवी सब स्टेशन से सेक्टर 32 के सब स्टेशन तक दो फीडर तैयार हो चुके हैं। सेक्टर 32 में 400 केवी का सब स्टेशन बनाया गया है। एयरपोर्ट को जहांगीरपुर स्थित 765 केवी सब स्टेशन से भी बिजली की आपूर्ति की जाएगी।

# हाथ में तिरंगा और देश प्रेम के संदेशों के साथ निकाली तिरंगा यात्रा

**नोएडा (चेतना मंच)।** स्वतंत्रता दिवस की 78वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में एमएसएमई इंडस्ट्रियल एसोसिएशन नोएडा की ओर से नोएडा के सेक्टर- 10 औद्योगिक क्षेत्र में एमएसएमई संस्था के कार्यालय से




तिरंगा यात्रा निकाली गई। हाथों में तिरंगा और जुबां पर देशप्रेम का संदेश लेकर सैंकड़ों की संख्या में उद्यमियों ने पदयात्रा में कदम से कदम मिलाया। एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह नाहटा ने सेक्टर-10 डी ब्लॉक से यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने हर घर तिरंगा लगाने की अपील भी की।

उद्यमियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए सुरेंद्र सिंह नाहटा ने कहा कि क्रांतिवीरों की कुर्बानी, त्याग, बलिदान की बदौलत यह स्वतंत्रता हमें मिली है। हमें उस कुर्बानी को हमेशा के लिए याद रखना और आने वाली पीढ़ियों के लिए सहेजना चाहिए । स्वतंत्रता दिवस का दिन हमें यह याद दिलाता है कि हमारी आज़ादी कितनी अनमोल है और इसे बनाए रखने के लिए हमें एकजुट होकर काम करना चाहिए। स्वतंत्रता केवल बाहरी रूप से स्वतंत्रता नहीं है, बल्कि यह हमारे विचारों, हमारे कर्मों और हमारे अधिकारों की स्वतंत्रता भी है। हमें गर्व होना चाहिए कि हम एक स्वतंत्र राष्ट्र के नागरिक हैं, जहाँ हम अपने विचार व्यक्त कर सकते हैं, अपने अधिकारों का उपभोग कर सकते हैं, और अपनी संस्कृति और परंपराओं को स्वतंत्र रूप से मना सकते हैं। इस अवसर पर, हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम अपने देश की प्रगति और विकास में अपना योगदान देंगे।


एसोसिएशन के नोएडा अध्यक्ष शिवकुमार राणा ने कहा कि तिरंगा यात्रा एक विशेष अवसर है जो देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है।

तिरंगा यात्रा में उद्यमी भूपेंद्र बिष्ट,गणेश बिष्ट,असलम खान,आर्यन पुरी,वीरेंद्र सिंह,उमेश सिंह,मेहंदी हसन नकवी, नागर मल दुधोरिया,शहजाद असलम खान,नसीम,सकील, दिलीप मिश्रा,रामतीरथ तिवारी,सुधेश्वर,तरुण गोयल, अर्जुन त्यागी,विपिन मालिक,आकांक्षा चुग,गगन,अहमद,फैसल अहमद आदि सैंकड़ों उद्यमी,कर्मचारियों ने भाग लिया।
























# राष्ट्रीय पर्व सिर्फ औपचारिकताएं न रह जाएं

भारत के लिये अगस्त का महीना अति महत्वपूर्ण माना जाता है। इसी माह में 15 अगस्त स्वाधीनता दिवस के रुप में मनाया जाता है। इसके लिये असंख्य लोगों ने अपने जीवन का त्याग व बलिदान किया था। इन शहीदों के आजादी के प्रति योगदान को अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। भारत की स्वतंत्रता के लिये सुभाष चंद्र बोस, लाल बहादुर शास्त्री, सरदार पटेल, रफीक अहमद, डॉ. राम मनोहर लोहिया जैसे सेनानियों का नाम अमर हो गया। महान नेताओं के इस महान देश में आज भी उनके नाम पर नगर, कस्बे और सड़कें बने हुये है। स्वाधीनता दिवस पर इन्ही नेताओं की कुर्बानियों का स्मरण कर स्वाधीनता संग्राम के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है। पर आज जबकि 15 अगस्त सन् 2024 का कैलेन्डर सामने है। साल 2024 में भारत अपना 78वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है ,लाल किले पर फिर जलसा हो रहा है। तरह तरह के लोगों का हुजूम और देश का पूरा फौज फटाका, भाषण देते प्रधानमंत्री भी घर घर में दूरदर्शन के माध्यम से नजर आयेंगे। लेकिन इतने सरकारी आडम्बर के बावजूद भी हमारे स्वाधीनता दिवस का बुढापा छुपाये नहीं छुप रहा। इतना बड़ा राष्ट्रीय पर्व जनता का त्यौहार नहीं बन पा रहा है। होली, रक्षाबंधन, दीपावली, क्रिसमस और ईद नहीं बन पा रहा है। दिल्ली सहित प्रदेश की राजधानियों के कार्यक्रम, जिलों के ब्लाक, ग्रामों के कार्यक्रमों में जो लोग भी शामिल होते हैं, उनमें से अधिकतर ऐसे होते हैं जो बस इस इंतजार में रहते हैं कि कब औपचारिकताएं पूरी हों और घर जाकर छुट्टी मनाएं। जिन शहरों और देहातों के लिये दूरदर्शन पुराना हो चला है, वहां के आम लोगों को भी इसे देखने और मनाने में कोई उल्लास नहीं रह गया है। इस दिन सरकारी प्रतिबंध न हों तो बाजार भी खुल जाते और लोग काम धन्धों में भी लगे रहते।

आखिर इस विरोधाभास की कि वजह क्या है? हमारा स्वाधीनता (स्वतंत्रता) दिवस तफरीह के लिये तय किया गया मेला भी नहीं है, जिसके साथ हम भावनात्मक रुप से न जुड़ सकें। इस दिन को पाने के लिये हमने अंग्रेजों से शताधिक वर्षो तक संघर्ष किया है। इस राह में हमारे कितने महापुरुषों ने धर्म जाति से ऊपर उठकर अंग्रेजों की यातनाएं सहीं है, खून बहाया है, जान की कुर्बानियां दी है। वस्तुतः इसका उत्तर खोजने के लिये हमें बहुत दूर नहीं जाना पड़ता, कुछ पीछे जाने पर ही इसके प्रति लोगों की उदासीनता का कारण ज्ञात हो जायेगा। बल्कि यह भी ज्ञात हो जायेगा। जिससे पर्व को नया अर्थ मिल सके।



मूलतः इस राष्ट्रीय पर्व के प्रति लोगों की उदासीनता का कारण इस पर्व के साथ जुड़े आडम्बर एवं प्रपंच है। प्रपंच जब तक जीवन के किसी सूत्र से जुड़े रहते हैं तब तक जनमानस को आकर्षित करते हैं, जहां उनका रिश्ता जीवन से टूटा, वे बेजान हो जाते हैं। फलतः वे ढोये जाते हैं । बस यही कुछ किसी हमारे स्वाधीनता दिवस के आडम्बर का भी है। इस दिन हमारे लीडरों द्वारा उपलब्धियों का डंका पीटा जाता है। विकास के स्वप्न दिखाये जाते हैं। देश की सुरक्षा और शक्ति का गुण गान किया जाता है। जबकि यह बात किसी से नहीं छिपी है कि देश की अखण्डता किस कदर खतरे में है। उत्तर पश्चिम से पूर्वोत्तर तक सारी सीमाएं असुरक्षित हैं। ऐसी स्थिति में कोई भी आश्वासन आश्वस्त नहीं कर सकते, जब तक सीमाओं और राष्ट्रीय अखंडता और शांति की गारंटी नहीं मिल जाती।

वहीं इस पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की झांकी में अथवा कश्मीर से जब गोलियों की आवाज आ है तब डोगरी गीत लोगों को कैसे रास आयेगा। बच्चों की संचालित गतिविधियां भी झूठी लगती हैं, क्योंकि हम इसके प्रति ही आश्वस्त नहीं हैं कि हमारे बच्चे बड़े होकर रोजी रोटी का भी इंतजाम कर पायेंगे। यह बात तो सहज ही है कि जिसका जन्मदिन है, वही बुरी तरह बीमार हो तो उसके जन्मदिन को कैसे उल्लासपूक मनाया जा सकता है। हमारे धार्मिक त्यौहारों के साथ यही खास बात है। कि वे विरोधाभास खड़ा नहीं करते। वे मनाए ही ऐसे मौसम में जाते हैं जब खेतों में फसल लहलहा रही होती है अथवा धानं खलिहानों से घरों में पहुंच रहा होता है। अतः स्वाधीनता दिवस के दिन उक्त

**भारत अपना 78वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है ,लाल किले पर फिर जलसा हो रहा है। तरह तरह के लोगों का हुजूम और देश का पूरा फौज फटाका, भाषण देते प्रधानमंत्री भी घर घर में दूरदर्शन के माध्यम से नजर आयेंगे। लेकिन इतने सरकारी आडम्बर के बावजूद भी हमारे स्वाधीनता दिवस का बुढापा छुपाये नहीं छुप रहा। इतना बड़ा राष्ट्रीय पर्व जनता का त्यौहार नहीं बन पा रहा है। होली, रक्षाबंधन, दीपावली, क्रिसमस और ईद नहीं बन पा रहा है। दिल्ली सहित प्रदेश की राजधानियों के कार्यक्रम, जिलों के ब्लाक, ग्रामों के कार्यक्रमों में जो लोग भी शामिल होते हैं, उनमें से अधिकतर ऐसे होते हैं जो बस इस इंतजार में रहते हैं कि कब औपचारिकताएं पूरी हों और घर जाकर छुट्टी मनाएं।**

आडंबरों को छोड़ इसे राष्ट्र के मूल्यांकन दिवस के रुप में याद करें और इस दिन उन चुनौतियों का सामना करने की रणनीति तैयार करें जो देश पर मंडरा रही है।

**– सुरेश सिंह बैस शाश्वत**






# एसीईओ ने सेक्टरों का किया निरीक्षण




**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर एसीईओ प्रेरणा सिंह ने सेक्टर चाई फोर, चाई थ्री, म्यू वन और ज्यू टू में सीवर से जुड़े कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान सेक्टर चाई फोर में लेबर मौके पर कम मिलीं। दो पंप क्रियाशील नहीं पाए गए। डंपिंग ग्राउंड में सिल्ट का मलबा दिखा। आईपीएस परिसर में घास व झाड़ियां उगी पाई गईं। एसीईओ ने इन कार्यों को प्राथमिकता पर पूर्ण कराने और कार्यों के भुगतान की पत्रावलियों पर साइट की फोटो और विजिट रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। लापरवाही करने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ प्रबंधक विनोद शर्मा सहित सीवर विभाग की अन्य अधिकारी गण भी मौजूद रहे।


















# हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट ने निकाली तिरंगा यात्रा




लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत, हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट एवं चन्द्रशेखर आज़ाद बाल विद्या मंदिर, महामाया नगर, तकरोही, इंदिरा नगर, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में 'तिरंगा यात्रा' निकाली गयी । तिरंगा यात्रा में हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट की न्यासी डॉ0 रूपल अग्रवाल व करीब 250 स्वयंसेवकों व राष्ट्रभक्तों ने हाथ में तिरंगा झंडा लेकर महामाया नगर, तकरोही, इंदिरा नगर के सभी निवासियों को अपने-अपने घरों पर तिरंगा झंडा फहराकर भारत की आजादी के 78वें स्वतंत्रता दिवस के जश्न को मनाने की अपील की।

इस अवसर पर हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट की न्यासी डॉ0 रूपल अग्रवाल ने कहा कि आज का दिन हमारे लिए अत्यंत गर्व और सम्मान का दिन हैं क्योंकि हम तिरंगा यात्रा के लिए यहाँ एकत्रित हुए हैं । तिरंगा, जो हमारे देश के स्वाभिमान और स्वतंत्रता का प्रतीक हैं, हमें अपनी देशभक्ति, एकता और अखंडता की याद दिलाता हैं । तिरंगा यात्रा का उद्देश्य न केवल हमारे राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करना हैं, बल्कि यह भी सुनिश्चित करना हैं कि हम सभी देशवासी अपनी मातृभूमि के प्रति सच्ची निष्ठा और समर्पण का भाव रखें । यह यात्रा हमारे देश के शहीदों को श्रद्धांजलि देने का एक माध्यम भी हैं, जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर हमें स्वतंत्रता दिलाई । हमारे तिरंगे में तीन रंग हैं – केसरिया, जो साहस और बलिदान का प्रतीक हैं; सफेद, जो शांति और सच्चाई का प्रतीक हैं; और हरा, जो समृद्धि और हरियाली का प्रतीक हैं । इन तीनों रंगों के बीच में बना अशोक चक्र हमें जीवन के सतत प्रवाह और प्रगति की याद दिलाता हैं । इस तिरंगा यात्रा के माध्यम से हमें यह प्रण लेना चाहिए कि हम अपने देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता को बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे । हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हम अपने व्यक्तिगत स्वार्थों से ऊपर उठकर देशहित को प्राथमिकता दें ।



तिरंगा यात्रा में हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट की न्यासी डॉ0 रूपल अग्रवाल तथा चन्द्रशेखर आज़ाद बाल विद्या मंदिर के प्रबंधक संतोष वर्मा, प्रधानाचार्या श्रीमती सीमा वर्मा, शिक्षकों यास्मीन, सुश्री अंजना, सुश्री अनिता, सुश्री सुमन, सुश्री प्रिया, सुश्री संगीता, सुश्री नीलम, सुश्री सभ्यता, साहिना, राजकुमार, विकास, छात्र-छात्राओं तथा हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट के स्वयंसेवकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।







हर घर तिरंगा अभियान के तहत नौएडा प्राधिकरण के कर्मचारियों द्वारा नोएडा के परिक्षेत्र के विभिन्न सैक्टर व ग्रामों में घर-घर जाकर तिरंगा वितरण किया गया। प्राधिकरण के कर्मचारियों ने ढाई लाख झंडे बंटवाए। इसके साथ ही नोएडा प्राधिकरण द्वारा सैक्टर 38 के शशि चौक से सैक्टर 39 स्थित प्राधिकरण कार्यालय तक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी संजय कुमार खत्री एवं श्रीमती वंदना त्रिपाठी सहित सभी विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर एसीईओ ( एसके ) ने समस्त नौएडावासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी एवं विकसित भारत बनाने के मुहिम में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया।

# प्रधानमंत्री के वह बयान जिन्होंने पेश किया सरकार का विजन

भारत 78वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। साल 1947 में मिली आजादी के बाद से अब तक देश एक लंबा सफर तय कर चुका है। प्रथम स्वतंत्रता दिवस से लेकर अब तक देश ने काफी तरक्की की है और आने वाले दिनों में भारत की तरक्की का यह ग्राफ और तेजी से बढ़ता नजर आ रहा है। किसी भी स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री द्वारा दिया जाने वाला भाषण उनकी सरकार का देश को लेकर आने वालों सालों के विजन का एक नजरिया पेश करता है। हम आपको बताएंगे देश की आजादी के बाद स्वतंत्रता दिवस पर विभिन्न प्रधानमंत्रियों द्वारा दिए गए कुछ ऐसे कोट्स के बारे में, जो इतिहास के पन्नों में सदा-सदा के लिए अमर हो गए। उन्हें आज भी याद किया जाता है।



**पंडित जवाहर लाल नेहरू-1948**

'एक आजाद मुल्क में तब तक बड़े-बड़े सवाल हल नहीं हो सकते जब तक कि आम जनता का उसे हल करने में पूरा सहयोग न हो और मदद न हो'

पंडित जवाहर लाल नेहरू ने दूसरे स्वतंत्रता दिवस पर साल 1948 में कहा कि देश के सामने बड़े-बड़े सवाल है, हम कुर्सी पर बैठे हैं, जिम्मेदारी हमारी है लेकिन यह भी आप याद रखें एक आजाद मुल्क में बड़े-बड़े सवाल तब तक हल नहीं हो सकते, जब तक कि आम जनता का उसे हल करने के लिए पूरा सहयोग न हो मदद न हो। उन्होंने देशवासियों से कहा कि आप एक आजाद कौम हैं तो खाली ऐतराज करने से काम नहीं चलता। उस बोझे को उठाना है, सहयोग करना है, मदद करनी है और



अगर हम सब इस तरह से करें तो बड़े से बड़े मसले हल होंगे।

**पंडित जवाहर लाल नेहरू-1962**

'हम एक बदलती हुई दुनिया में, बदलते हुए हिंदुस्तान में रहते हैं और अगर हम तेजी से नहीं बदलते तो हम पीछे रह जाएंगे, हमें बदलना है'

साल 1962 में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर पंडित नेहरू ने अपने भाषण में विज्ञान पर खास फोकस किया। उन्होंने कहा कि आजकल का जमाना क्या है, जरा आप देखिए शायद आपमें से बाज लोगों ने रात को देखा हो कि कैसे आजकल आसमान पर दो नए सितारे छू रहे हैं। दो आदमी, सितारे मैंने कहा, लेकिन दो आदमी दुनिया से अलग हो के सैकड़ों मील दुनिया का घेरा कर रहे हैं, जो रूस से निकले हैं, उसके पहले अमेरिका से ऐसे निकले थे। तो कैसी दुनिया है जहां ऐसी बातें होती हैं, सारी दुनिया बदल रही है, इंसान बदल रहा है, नई-नई ताकतें आती हैं और अगर हम इनको नहीं समझे और हम नहीं समझ के उनको इस्तेमाल करें अपनी भलाई के लिए और दुनिया की भलाई के लिए तब हम पिछड़ जाएंगे। दुनिया आगे बढ़ जाएगी। इसलिए हमें समझना है कि हम एक बदलती हुई दुनिया में बदलते हुए हिंदुस्तान में रहते हैं और अगर हम तेजी से नहीं बदलते तो हम पीछे रह जाएंगे। हमें बदलना है, हमें विज्ञान को बढ़ाना है, हमें अपनी मेहनत कर के इस मुल्क में नए तरीके निकालने हैं, कारखाने बनाने हैं, खासकर हमारी खेती की तरक्की करनी है, क्योंकि वो जड़ है हिंदुस्तान की।

**लाल बहादुर शास्त्री- 1965**

'कश्मीर का एक भी टुकड़ा पाकिस्तान को मिलने वाला नहीं'

साल 1965 में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर तब के प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने कहा कि कश्मीर पर हमला किया जा रहा है और मैं जानता हूं कि पाकिस्तान उसे बढ़ाने का पूरा इरादा रखता है। हम इस हाल में क्या करें। मैं यह पूरी तरह से समझता हूं कि अब हमारे लिए कोई बातचीत करने की गुंजाइश नहीं है, उसे मह सोच भी नहीं करते। कश्मीर में शांति हो यह भारत चाहता है लेकिन जब हमला इस तरह का हो तो एक सरकार के नाते हमारा क्या जवाब हो सकता है सिवाए इसके कि हम हथियारों का जवाब हथियारों से दें। उन्होंने कहा कि जो एक बड़ा संकट हमारे ऊपर आया है, उसके लिए हमको और आप सब को तैयार रहना होगा। आज समय है, कोई महें आराम का वक्त नहीं, आज त्याग का, बलिदान का, कुर्बानी का, जो भी रास्ता हो वह हमें इख्तियार करने के लिए तैयार रहना होगा। मैं आपकी तरह से यह यह कहने वाला हूं और कहना चाहता हूं कि कश्मीर का एक टुकड़ा भी पाकिस्तान को मिलने वाला नहीं है।

**इंदिरा गांधी- 1975**

'आजादी कोई जादू नहीं है कि उससे तुरंत गरीबी दूर हो जाए, कठिनाइयां और कष्ट दूर हो जाएं। आजाद से केवल एक दरवाजा खुला, सदियों की घुटन दूर हुई।'

आपातकाल लगाने के बाद साल 1975 में स्वतंत्रता दिवस पर देश को संबोधित करते हुए इंदिरा गांधी ने कहा कि हमने जो रास्ता चुना वो लोकतंत्र का रास्ता था, लेकिन लोकतंत्र के माने ये नहीं है कि जिसका चाहे जिस रास्ते पर जाएं। अपनी नीति लोग चुन सकते हैं, अपनी विचारधारा अलग रख सकते हैं, अपनी आवाज उठा सकते हैं लेकिन कुछ नियम से चलना होता है। ऐसा रास्ता नहीं पकड़ सकते जिससे दूसरों को कष्ट हो या जिससे देश के दुर्बल होने का भय हो या जिससे दूसरी शक्तियों का, दूसरे प्रभाव बाहर से आ सकें और हमारी नीति या हमारी दिशा पर अपना प्रभाव डाल सकें। हम केवल भारत के हित को देखते हुए आगे बढ़ते हैं।

**अटल बिहारी वाजपेयी- 2000**

साल 2000 में स्वतंत्रता दिवस पर देश को संबंधित करते अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा ङ्क भारत को भविष्य की चुनौतियों तथा सुअवसर पर भी ध्यान देना चाहिए। विगत के विवादास्पद मुद्दों में नहीं उलझना चाहिए। आइए ब भविष्य की ओर देखें। हमें एक समृद्ध स्वाबलम्बी और स्वाभिमानी भारत का निर्माण करना है। हम इस दिशा में चल पड़े हैं, हम इस दिशा में आगे बढ़ेंगे। हमें रुकना नहीं है, रफ्तार को और तेज करना है। मैं किसानों, मजदूरों, कर्मचारियों, नौजवानों और भारत के तमाम नागरिकों से सुखी और संपन्न भारत के निर्माण में अपना योगदान देने की अपील करता हूं।

**नरेंद्र मोदी-2014**

साल 2014 में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर देश को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैंने जब दिल्ली आ करके एक इनसाइडर व्यू देखा तो मैंने अनुभव किया, मैं चौंक गया। ऐस लगा जैसे एक सरकार के अंदर भी दर्जनों अलग-अलग सरकारें चल रही हैं। हरेक की जैसे अपनी-अपनी जागीरें बनी हुई हैं। मुझे बिखराव नजर आया, मुझे टकराव नजर आया। एक डिपार्टमेंट दूसरे डिपार्टमेंट से भिड़ रहा है और यहा तक भिड़ रहा है कि सुप्रीम कोर्ट के दरवाजे खट-खटा करके एक ही सरकार के दो डिपार्टमेंट आपस में लड़ाई लड़ रहे हैं। यह बिखराव, यह टकराव, एक ही देश के लोग, हम देश को कैसे आगे बढ़ा सकते है? और इसलिए मैंने कोशिश प्रारंभ की है, उन दीवारों को गिराने की, मैंने कोशिश प्रारंभ की है सरकार एक असेम्बल्ड एन्टिटी नहीं, एक ऑर्गेनिक यूनिटी बने, एकरस हो सरकार- एक लक्ष्य, एक मन, एक दिशा, एक गति, एक मति- इस मुकाम पर हम देश को चलाने का संकल्प करें। हम चल सकते हैं।


## उत्तर मध्य रेलवे

G20

**ई-प्रापण निविदा सूचना सं.:** कानपुर वि.क. डिपो/2024.25/21 **दिनांक:** 12.08.2024

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ सामग्री प्रबंधक ई.टी.डी./सी.एन.बी. निम्नलिखित मदों के लिए ई प्रापण निविदाये आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| **क्रम सं..:** 1 | **निविदा सं..:** 57245135B |
| **माल का विवरण:** NVR for HIKVISION make CVVRS for electric loco conferming to spec. RDSO/2105/EL/spec/0118/Rev.1 | |
| **मात्रा :** 02 Nos. | **निविदा खोलने की तिथि : 02.09.2024** |
| **क्रम सं..:** 2 | **निविदा सं..:** 57241161A |
| **माल का विवरण:** SPG.LOADED SWITCH FOR 6A-250V USED AS ZPT, BLDJ, BLHO (POS NO. 129,134,169.1) TYPE SBM-F/TOU/21/22/R20 AS PER CLW SPEC NO. CLW/ES/3/0075 OR LATEST AND ABB DOCUMENT NO. HBTB585604 R 3001 OR LATEST. as per Drg. No. --- specn: CLW /ES/3/0075 or latest and ABB DOCUMENTS NO. HBTB 585604R3001 or latest | |
| **मात्रा :** 160 Nos. | **निविदा खोलने की तिथि : 21.08.2024** |
| **क्रम सं..:** 3 | **निविदा सं..:** 57245235 |
| **माल का विवरण:** Supply, Installation and commissioning of digital commercial grade customized standee with inbuilt signage. Detail specification and Qty. required as per annexure A attached. Make LG/SONY/ PANASONIC/SAMSUNG | |
| **मात्रा :** 08 Nos. | **निविदा खोलने की तिथि : 02.09.2024** |
| **क्रम सं..:** 4 | **निविदा सं..:** 57245224 |
| **माल का विवरण:** Supply installation and commissioning of customize stacking equipment for M-3 section. Detail specification as per annexure (A) attached. Make Nilkamal, BITO, KRAFTSMAN, Racks & Rollers or similar. | |
| **मात्रा :** 01 Set. | **निविदा खोलने की तिथि : 02.09.2024** |
| **क्रम सं..:** 5 | **निविदा सं..:** 58245053B |
| **माल का विवरण:** Interactive Flat Panel with video Conferencing Size 86 inch. (As per specification attached in document at S.N. 01). | |
| **मात्रा :** 01 Nos. | **निविदा खोलने की तिथि : 02.09.2024** |
| **क्रम सं..:** 6 | **निविदा सं..:** 58245052B |
| **माल का विवरण:** Work coil assembly- 17052568 for scheme-1 rotor of 3 phase TM type 6FRA-6068. | |
| **मात्रा :** 08 Nos. | **निविदा खोलने की तिथि : 02.09.2024** |
| **बयाना राशि :** सभी निविदाओं के लिये **'NIL'** | |

**नोटः-** (1) उपरोक्त सभी ई प्रापण निवदाओं का पूरा विवरण IREPS वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। (2) उपरोक्त निविदाओं हेतु ई बिड के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रारूप में बिड स्वीकार नहीं की जायगी। वेंडरों को चाहिए कि वे अपने आपको आई टी एक्ट 2000 के अंतर्गत CCA द्वारा जारी (Class III) डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ आईआरपीएस की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। (3) निविदा की दरें केवल डिजीटल हस्ताक्षरित फाइनेंसयिल रेट पर ही विचारणीय है। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फर्म लेटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा तथा सीधे तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। **1442/24(A)**

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @CPRONCR


METRO
GROUP OF HOSPITALS
HEALTHCARE • EDUCATION
CHANGING THE WAY HEART TREATMENT IS DONE IN THE COUNTRY.
15 August Happy Independence Day
Introduced 20+ cardiac procedures in India
Creator of affordable quality care
Most experienced & decorated cardiologist of the Country
Dr. (Prof.) Purshotam Lal
Padma Bhushan, Padma Vibhushan &
Dr. B.C Roy National Awardee
Chairman - Metro Group of Hospitals
25 YEARS | OVER 600+ DOCTORS
2500+ OPERATIONAL BEDS | 20 LAC+ PATIENTS | 11 HOSPITALS
A REPUTED NURSING, PHARMACY & PARAMEDICAL COLLEGE
METRO HOSPITALS & HEART INSTITUTE Sector-12, Noida
METRO HOSPITALS & HEART INSTITUTE Sector-11, Noida
METRO HEART INSTITUTE WITH MULTISPECIALITY, Faridabad
METRO CANCER INSTITUTE Faridabad
METRO HOSPITAL & CANCER INSTITUTE Preet Vihar, Delhi
METRO RLKC HOSPITAL & HEART INSTITUTE, Pandav Nagar, Delhi
METRO HOSPITAL & HEART INSTITUTE Meerut
METRO HOSPITAL & HEART INSTITUTE Haridwar
METRO MAS HOSPITAL Jaipur
METRO UMKAL HOSPITAL & HEART INSTITUTE, Rewari
METRO HOSPITAL & RESEARCH INSTITUTE, Vadodara
EDUCATION WING
METRO COLLEGE OF HEALTH SCIENCES & RESEARCH, Greater Noida
Truebeam (Advance Radiation Machine)
The next generation PET-CT
To know more, call 8447 666 333
Follow us : metrohospitals metrohospitals metrohospitals www.metrohospitals.com

धन्य : अस्मि भारतत्वेन

सभी क्षेत्रवासियों को

स्वतंत्रता दिवस

व रक्षाबंधन की



निकेता भाटी

हार्दिक शुभकामनाएं



नंदिनी भाटी

एपेक्स इंटरप्राइजेज

डी-35, ओमेक्स इंडिया ट्रेड सेंटर, अल्फा-2, ग्रेटर नोएडा